moneybhaskar.com

यूज्ड खाने के तेल से बनेगा 100 टन बायोडीजल, इस शहर में लगेगा प्लांट

BIOD एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने यह प्लांट लगाने की घोषणा की है

Money Bhaskar: September 25, 2018 04:00 AM IST

नई दिल्ली. इस्तेमाल हो चुके खाने के तेल (यूज्ड कुकिंग ऑयल) से बायोडीजल बनाने का प्लांट हरियाणा के बावल शहर में लगेगा। BIOD एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने यह प्लांट लगाने की घोषणा की है। इस प्लांट की प्रोडक्शन कैपेसिटी रोजाना 100 टन बायोडीजल होगी। कंपनी का दावा है कि यह प्लांट नवंबर 2018 तक कमीशन हो जाएगा।

FSSAI ने तैयार किया इको सिस्टम

कंपनी के सीइओ शिवा विग ने कहा कि भारत वेजिटेबल ऑयल का सबसे बड़ा कंज्यूमर है, इस नाते, भारत में 2022 तक 220 करोड़ लीटर यूज्ड कुकिंग ऑयल का इस्तेमाल बायोडीजल के उत्पादन के लिए किया जा सकता है। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) ने इस जरूरत को समझते हुए एक इकोसिस्टम तैयार किया है, जिसे रिपरपज यूज्ड कुकिंग ऑयल (RUCO) नाम दिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत देश भर में इस्तेमाल किया जा चुका खाने को तेल को इकट्ठा किया जाएग और उसे बायोडीजल में कंवर्ट किया जाएगा।

चुनौतियों से निपटने की तैयारी

इसकी कुछ चुनौतियां भी हैं। जैसे कि - बायोडीजल के लिए रॉ मैटेरियल की सोर्सिंग एक बड़ी चुनौती है, लेकिन बायो डीजल पॉलिसी 2018 में सरकार ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एम